हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 अंडरब्रिज के ऊपर सड़क पर गड्ढा, हादसे की आशंका






## खबर संक्षेप

### विद्यालयों में 6 से 12 अगस्त तक मनाया जाएगा संस्कृत सप्ताह

**अम्बिकापुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में इस वर्ष भी श्रावण पूर्णिमा (रक्षाबंधन) के तीन दिन पूर्व एवं तीन दिन बाद अर्थात 6 से 12 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा ने बताया कि संस्कृत सप्ताह के आयोजन संबंधी निर्देश सचिव, छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम्, रायपुर द्वारा जारी किए गए हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार इस अवधि में विद्यालयों में निबंध लेखन, वाद-विवाद, संस्कृत नाटक, कहानी लेखन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही संस्कृत आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विद्वानों की संगोष्ठी, साहित्य प्रदर्शनी, भाषण, परिचर्चा एवं संस्कृत गीत आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कृत विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथि अनुसार कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित करें एवं संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### डिप्टी सीएम अरुण साव के साथ ननि की पहली महापौर मंजूषा भगत ने लिया अवार्ड

# निगम को राष्ट्रपति ने दिया सुपर स्वच्छ लीग का अवार्ड, पहली बार मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

देशभर में चलाए गए स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम अंबिकापुर ने एक बार फिर से सफलता हासिल की है। नगर निगम ने कमियों को दूर करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में 85 प्रतिशत अंकों के साथ सुपर स्वच्छ लीग में अपनी जगह बनाई है। इसके साथ ही नगर निगम को अपनी फाइव स्टार रेटिंग भी वापस मिल गई है। गुरुवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के हाथों निगम को सुपर स्वच्छ लीग के लिए सम्मानित किया गया। बड़ी बात यह है कि कार्यक्रम में सबसे पहले ननि अंबिकापुर को ही अवार्ड मिला। यह अवार्ड नगर निगम की ओर से प्रदेश के डिप्टी सीएम और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, नगर निगम की पहली महिला महापौर श्रीमती मंजूषा भगत और ननि आयुक्त डीएन कश्यप ने हासिल किया। बता दें कि देशभर के नगरीय निकायों के बीच स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न नगरीय निकायों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान नगर निगम ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बात**

- हासिल की फिर से 5 स्टार रेटिंग, कार्यक्रम का पहला अवार्ड अंबिकापुर को



राष्ट्रपति के हाथों अवार्ड प्राप्त करते डिप्टी सीएम, महापौर व ननि आयुक्त।

## पहली बार राष्ट्रपति के हाथों मिला सम्मान

स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू होने के बाद यह पहला मौका है जब नगर निगम अंबिकापुर को राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किया गया है। नगर निगम ने सुपर स्वच्छ लीग में अपनी जगह बनाई और गुरुवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने नगर निगम को पहली बार और सबसे पहला अवार्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किया। नगर निगम की ओर से यह अवार्ड नगरीय प्रशासन मंत्री व डिप्टी सीएम अरुण साव के साथ ही महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, ननि आयुक्त डीएन कश्यप ने हासिल किया। इसके साथ ही मंच पर राष्ट्रपति के साथ शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर व केन्द्रीय शहरी राज्य मंत्री तोखन साहू मौजूद रहे। इस सम्मान समारोह ने नगर निगम से सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, एमआईसी सदस्य श्रीमती श्वेता गुप्ता, कार्यपालन अभियंता संतोष रवि, नोडल अधिकारी एसबीएम रितेश सैनी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अवधेश पांडेय, सहायक अभियंता दुष्यंत बजाज, प्रशांत खुल्लर, स्वच्छता दीदी शशिकला सिन्हा, ज्ञानलता कुजूर भी उपस्थित रहे।

### गार्बेज फ्री सिटी का मिला खिताब

नगर निगम ने इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में गार्बेज फ्री सिटी के अंतर्गत पुनः 5 स्टार रेटिंग हासिल कर ली है। बड़ी बात यह है कि विगत वर्ष जारी किए गए स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम में अंकों की कटौती के कारण नगर निगम की फाइव स्टार रेटिंग घटकर 3 स्टार हो गई थी। ऐसे में निगम को भारी नुकसान उठाना पडा था। इस बार फिर से नगर निगम ने अपना सम्मान हासिल किया व 5 स्टार रेटिंग में शामिल हो गया है।

### रैंकिंग की श्रेणी से ऊपर उठा निगम

इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम अंबिकापुर अब देश में बड़े शहरों के बीच होने वाली रैंकिंग की श्रेणी से ऊपर उठकर सुपर स्वच्छ लीग के पायदान पर पहुंच गया है। सुपर स्वच्छ लीग एक विशेष लीग है जो स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत स्वच्छता और सफाई मानकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को मान्यता देने के लिए शुरू की गई है। अपने पिछले एवं वर्तमान स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग के आधार पर असाधारण प्रदर्शन करने वाले शहर वर्ष 2024 के लिए इस लीग का हिस्सा बन गए हैं। सुपर स्वच्छ लीग में शामिल शहरों की अब रैंकिंग जारी नहीं की जाएगी जबकि इन शहरों के बाद निचले पायदान पर रहने वाले शहरों के बीच अब स्वच्छता रैंकिंग जारी होगी।

### शहर को जनता को समर्पित

यह अवार्ड निगम सरकार ही नहीं शहर की पूरी जनता का है। जनता के सहयोग और स्वच्छता दीदियों के कड़ी मेहनत के कारण यह संभव हो पाया। नगर निगम को राष्ट्रपति ने सम्मानित किया है। अब आने वाले समय में हम शहर में और बेहतर करने का प्रयास करेंगे ताकि इस खिताब को कायम रख सके। हमारा प्रयास होगा कि शहर के विकास के लिए कार्य करें और देशभर में शहर का नाम रौशन करें। हमेशा के तहत आने वाले समय में भी शहर की जनता से सहयोग और समर्थन की अपेक्षा है।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर ननि

### इस बार की उपलब्धियां

- एलएलआरएम सेंटरों का जीर्णोद्धार किया गया।
- सभी सार्वजनिक शौचालयों के मरम्मत किए गए।
- प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को भिट्ठीकला में स्थापित किया गया।
- शहरों के प्रमुख मार्गों में वाल पेंटिंग की गई, डामरीकरण किए गए।
- कबाड़ से जुगाड़ के तहत आईफिल टावर के प्रतिरूप का निर्माण कराया गया।




# साढ़े तीन साल से फरार चल रहा पूर्व नक्सली बिहार से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के चलगली मानपुर में हथियार के दम पर की गई डकैती के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में पूर्व नक्सली व कुख्यात आरोपी को बिहार के डेहरी ऑन सोन से पकड़ा है। आरोपी पिछले साढ़े तीन साल से फरार था और अपनी पहचान बदलकर छिपा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त भरमार बन्दूक भी बरामद किया है जबकि इस गिरोह के 7 आरोपी और पूर्व नक्सली गिरफ्तार किए जा चुके है। गुरुवार को एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान प्रकरण का खुलासा किया। बता दें कि बलरामपुर जिले के चलगली अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी ⏭ शेष पेज 4 पर

## पहचान बदलकर छिपा था

घटना के मास्टर माइंड आगर साय की तलाश पुलिस लगातार कर रही थी। इस बीच आईजी दीपक झा व एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में पुलिस व साइबर सेल की टीम ने फिर से जांच शुरू की। एसपी श्री बैंकर ने बताया कि आरोपी अगर साय के झारखंड बिहार में नजर आने की सूचना मिली थी। ऐसे में विशेष टीम व साइबर सेल की टीम को रवाना किया गया। इस दौरान पुलिस आरोपी त्रिकुंड़ा पलगी निवासी 28 वर्षीय आगर साय उर्फ सुनील आ. शिवब्रत गोंड को बिहार के रोहतास डेहरी ऑनसोन से पकड़ा है। पुलिस के अनुसार आरोपी डेहरी ऑन सोन में अपना नाम और पहचान बदलकर खुद को पलामू का रहने वाला बताकार काम कर रहा था। पुलिस की पूछताछ में उसने नक्सली वेशभूषा धारित कर लूटपाट करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त भरमार बन्दूक भी बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बीएल भारद्वाज, उनि सुबल सिंह, प्रधान आरक्षक नागेन्द्र पाण्डेय, आरक्षक संजय जायसवाल, राजकिशोर पैकरा, राजकुमार मरकाम सक्रिय रहे।

### अनेक अपराधिक घटनाएं दर्ज

बता दें कि आरोपी आगर साय उर्फ सुनील के पूर्व चलगली के अलावा कुसमी, रामचंद्रपुर, रघुनाथनगर, चांदनी बिहारपुर में बलवा अवैध उगाही, अपराधिक षड्यंत्र, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित नक्सल गतिविधियों के अपराध दर्ज है। आरोपियों ने पूर्व नक्सली प्रवीण खेस के साथ मिलकर इस डकैती की योजना बनाई और अंजाम दिया था। इसके साथ ही पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ भी अनेकों अपराध दर्ज है। पुलिस ने इस आरोपी को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है।



## खबर संक्षेप

### पर्यवेक्षक व कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की एकीकृत बाल विकास परियोजना भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत घटई में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र को लेकर प्रशासन ने गंभीर रुख अपनाया है। परियोजना कार्यालय द्वारा पर्यवेक्षक कुमारी अंजली सोनी, परिक्षेत्र कंजिया एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घटई श्रीमती बसंती कुशवाहा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए दो दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली गुरूवार को प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में संचालित विभिन्न शासकीय विभागों का औचक निरीक्षण कर कार्यों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भू-अभिलेख, उद्यानिकी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, लोक सेवा केन्द्र, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, जनसंपर्क, सांख्यिकी, पिछड़ा वर्ग कल्याण, आबकारी विभाग, एनआईसी कक्ष और आवक-जावक शाखा सहित अन्य विभागों का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने प्रत्येक विभाग की उपस्थिति, कार्यालयीन व्यवस्था, नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए तथा आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### कलेक्टर ने बच्चों को समझाया गणित

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी गुरूवार को अचानक निरीक्षण पर शासकीय प्राथमिक शाला कसरा एवं कंचनपुर पहुंचीं। उन्होंने स्कूल पहुंचते ही बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, स्कूल संचालन और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी उपस्थित रहे। कलेक्टर जब कक्षा में पहुंचीं तो बच्चों ने सामूहिक रूप से गुड मॉर्निंग कहकर उनका स्वागत किया। कक्षा तीसरी की छात्रा राधिका ने जब अंग्रेजी के ए से जेड तक के अल्फाबेट सुनाए, तो कलेक्टर ने वेरी गुड कहकर उसकी हौसला अफजाई की।

### खरवत गेट से सोनहत मार्ग पर स्कॉर्पियों दुर्घटनाग्रस्त, विभाग बेखबर

# अंडरब्रिज के ऊपर सड़क पर गड्ढ़ा, हादसे की आशंका



अंडरब्रिज पर गड्ढ़े।

**बैकुंठपुर/कटगोड़ी।** जिला मुख्यालय से करीब 5 किमी की दूरी पर स्थित खरवट गेट से सोनहत अंडरब्रिज के ऊपर की सड़क पर टर्निंग पॉइंट पर बने गहरे गड्ढ़े से हादसे की आशंका बढ़ गई है। कुछ दिन पूर्व इसी स्थान पर एक स्कॉर्पियों वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, गाड़ी के चालक को मामूली चोट आई। स्थानीय लोगों के अनुसार अत्यधिक वर्षा के चलते गड्ढ़े में पानी भर गया है, जिससे इसकी गहराई और चौड़ाई लगातार बढ़ रही है। यह गड्ढ़ा रात के समय या तेज रफ्तार में वाहन चलाने पर गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। ब्रिज के अंदरूनी हिस्सों में भी कई छोटे-छोटे गड्ढ़े बन चुके हैं, जो धीरे-धीरे बड़े होते जा रहे हैं। यदि समय रहते विभाग ने मरम्मत कार्य नहीं कराया, तो भविष्य में बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग से शीघ्र संज्ञान लेकर मरम्मत कार्य कराने की मांग की है, ताकि दुर्घटना घटने से पहले हालात सुधारे जा सकें।

### कोटाडोल में सर्वाधिक वर्षा

एमसीबी जिले में मानसून अब भी सक्रिय है। भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 67.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 16 जुलाई तक जिले में कुल औसत 462.7 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है।



### कटगोड़ी छात्रावास के रास्ते में कीचड़

जिले के आदर्श ग्राम पंचायत कटगोड़ी में स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास जो कि पक्की सड़क से लगभग 1 किमी अंदर वार्ड क्रमांक 14 में स्थित है, वहां तक पहुंचने का रास्ता बरसात में दलदल में तब्दील हो गया है। यहां छात्रावास स्टाफ, बच्चे, बुजुर्ग और स्थानीय ग्रामीण अत्यधिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। कीचड़ भरे कच्चे रास्ते से कई लोग बाइक से फिसलकर गिर चुके हैं, लेकिन अब तक सड़क मरम्मत या पक्कीकरण को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वार्ड क्रमांक 14 में ही पावर हाउस भी स्थित है, जिससे इस मार्ग का उपयोग आमजन द्वारा भी प्रतिदिन किया जाता है, लेकिन बरसात में हालत बद से बदतर हो जाती है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेकर पक्की सड़क निर्माण की मांग की है।

### कठौतिया से केल्हारी जर्जर मार्ग का हो सुधार

**मनेन्द्रगढ़।** कृषि स्थायी समिति सभापति जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर सुखमंती सिंह के द्वारा कठौतिया से केल्हारी, जनकपुर होकर माड़ीसरई, घुघरी मुख्य मार्ग सिंगल मार्ग की ओर ज्ञापन देकर शासन को सूचित कराया गया। इस बारे में सुखमंती सिंह ने कहा कि, कठौतिया से घुघरी तक सड़क किनारे दोनों तरफ की पटरी पूरी तरह से गड्ढ़ों और नालियों में बदल चुकी है। सैकड़ों जगहों पर ऐसे नालियां और गड्ढ़े हैं कि सामने से बड़ी गाड़ियां आ रही हैं तो छोटी गाड़ियों को साइड लेने में भारी दिक्कतें होती है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं, जिससे जान माल का खतरा होने की संभावना है। सुखमंती सिंह ने बताया कि, हमने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि, कठौतिया से केल्हारी होकर जनकपुर, माड़ीसरई, घुघरी तक पूरे मुख्य मार्ग पर क्रेशर जीरा गिट्टी से सड़क किनारे पटरी पर हुए गड्ढ़ों और नालियों को भराया जाए।





कार्रवाई करती रेल्वे की टीम।

# डबल लाइन परियोजना के लिए रेलवे ने चलाया बुलडोजर

**चरचा कॉलरी।** पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन के आसपास चल रहे डबल लाइन निर्माण कार्य और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास कार्यों के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने गुरूवार को ग्राम पंचायत खरवत में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

■ खरवत में अतिक्रमण हटाने की हुई कार्रवाई

रेलवे स्टेशन से करीब 5 किमी दूर स्थित इस क्षेत्र में प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से अतिक्रमित ढांचों को हटाया। सुबह से ही रेलवे और स्थानीय प्रशासन की भारी तैनाती के बीच कार्रवाई की शुरूआत हुई। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुनीता मिंज, थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमोद पांडेय समेत रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। रेलवे द्वारा पहले से ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर भूमि खाली करने के निर्देश दिए गए थे। बताया गया कि जिन लोगों की दुकानें हटाई गईं, उन्हें पहले ही मुआवजा दिया जा चुका था, बावजूद इसके उन्होंने जगह खाली नहीं की।

# मनेन्द्रगढ़ में 26 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

**मनेन्द्रगढ़।** शासन की प्राथमिकता में शामिल नगरीय विकास को लेकर मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के लिए एक और खुशखबरी सामने आई है।

मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना, अधोसंरचना मद एवं सेंट्रल लाइटिंग मद अंतर्गत राज्य बजट से मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए कुल 25 करोड़ 99 लाख 82 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने चिरमिरी नगर क्षेत्र के लिए 25 करोड़ 99 लाख रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं की स्वीकृति से गौरव पथ सड़क, बाईपास सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था एवं सेंट्रल लाइब्रेरी जैसे महत्वपूर्ण कार्य अब धरातल पर उतरेंगे, जिससे चिरमिरी के समग्र विकास के संकल्प को नई गति प्राप्त होगी। यह स्वीकृति नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत चिरमिरी नगर पालिका क्षेत्र के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वीकृत कार्यों में गोदरीपारा से डोमनहिल तक गौरवपथ निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ रूपए, वार्ड क्रमांक 8 बड़ा ग्राउंड से सिद्धबाबा मंदिर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 40 लाख रूपए, प्रकाश व्यवस्था के लिए 20 लाख रूपए की राशि मंजूर की गई है। इसके साथ ही सांस्कृतिक मंच ग्राम पंचायत से आत्मानंद स्कूल मुख्य मार्ग, चित्ताझोर पोड़ी तक रिटेनिंग वॉल एवं फुटपाथ निर्माण के लिए 2 करोड़ रूपए, सोनामनी नाका से दीनदयाल चौक पोड़ी तक बायपास कोरिया होते हुए निर्माण के लिए 8 करोड़ 75 लाख 47 हजार रूपए, अन्य अतिरिक्त कार्यों के लिए 6 करोड़ 22 लाख 86 हजार रूपए, तथा सेंट्रल लाइटिंग सह री-डिंग जोन (250 सीटर्स) के लिए 4 करोड़ 41 लाख 49 हजार रूपए की स्वीकृति दी गई है।



इस प्रकार कुल मिलाकर चिरमिरी नगर पालिका क्षेत्र को 25.99 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं की सौगात प्राप्त हुई है।

# होटलों में घरेलू गैस का अवैध उपयोग

**बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले की जनकपुर नगर पंचायत में खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा होटल एवं रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया गया।

■ खाद्य एवं राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

इस दौरान घरेलू उपयोग के लिए आरक्षित 14.2 किलोग्राम के 24 नग एवं 3 किलोग्राम का 1 नग गैस सिलेण्डर जो आंशिक रूप से भरे अथवा खाली अवस्था में पाए गए, जिसे जब्त किया गया। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार कुंवारपुर, खाद्य निरीक्षक भरतपुर, खाद्य निरीक्षक कोटाडोल एवं स्थानीय कोटवार के संयुक्त दल द्वारा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार का व्यावसायिक उपयोग नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है और आगे की कार्रवाई द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति और वितरण विनियमन) आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत की जाएगी। प्रशासन ने होटल एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चेतावनी देते हुए कहा है कि घरेलू गैस का अवैध उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# खेतों में पहुंचकर कलेक्टर ने अन्नदाताओं से की बात

*खाद-बीज की उपलब्धता, रोपाई की स्थिति की ली जानकारी*

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी गुरूवार को प्रातः ग्राम खुटरापारा का दौरा कर खेतों में पहुंचकर किसानों से प्रत्यक्ष संवाद किया। उन्होंने किसानों से खाद-बीज की उपलब्धता, धान रोपाई की प्रगति और कृषि योजनाओं के लाभ से जुड़ी जमीनी स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे। खेत में कार्यरत किसान श्रीमती शांति बाई ने बताया कि वे लगभग 5 एकड़ में धान की खेती कर रही हैं और फिलहाल रोपाई कार्य में लगी हुई हैं।

उन्होंने बताया कि इस समय खाद की कोई विशेष समस्या नहीं है, लेकिन अत्यधिक वर्षा के कारण धान बीज को नुकसान अवश्य हुआ है। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद किसानों को फसल विविधीकरण की ओर प्रेरित करते हुए दलहन और तिलहन की खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी। इस दौरान ग्रामीणों ने कृषि विभाग की योजनाओं और हितग्राही सामग्री के वितरण में असमानता की शिकायत भी की। कलेक्टर ने कृषि उप संचालक राजेश भारती को तत्काल मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और आवश्यक सामग्री के वितरण की प्रक्रिया को सुधारने के निर्देश दिए, इससे पहले कलेक्टर जामपारा स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पहुंचीं।



खेतों में पहुंचकर चर्चा करती कलेक्टर।



खेती-किसानी करते कृषक।

# सलका में पांच दिवसीय तृतीय सोपान शिविर

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सलका में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के तत्वावधान में पांच दिवसीय तृतीय सोपान स्काउट-गाइड जांच एवं राज्यपाल पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन 14 से 18 जुलाई तक किया जा रहा है। शिविर का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू के नेतृत्व में किया जा रहा है।

यह आयोजन जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी के निर्देश, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार किया जा रहा है। शिविर में जिले के 4 विद्यालयों से 7 स्काउट्स व 14 गाइड्स राज्यपाल पुरस्कार पूर्वाभ्यास के लिए तथा 14 विद्यालयों से 42 स्काउट्स, 67 गाइड्स और 5 प्रभारी स्काउटर-गाइडर तृतीय सोपान जांच के लिए सम्मिलित हुए हैं। ध्वजारोहण के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात शिविर नियम, दैनिक कार्यक्रम और टोली विभाजन कराया गया। शिविर में प्रतिभागियों को राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। इसमें सफल प्रतिभागियों को राज्यपाल के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र और बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस के रूप में मिलेंगे।

तृतीय सोपान शिविर में स्काउट्स-गाइड्स को बीपी सिक्स, योग, सूर्य नमस्कार, स्काउटिंग आंदोलन, ध्वज फहराने की विधि, गांठें, टेंट, मचान निर्माण, प्राथमिक उपचार, हाइकिंग, बिना बर्तन भोजन बनाना, कंपास एवं दिशा ज्ञान सहित स्काउटिंग की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है।



# फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली

**बैकुण्ठपुर।** छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर 16 जुलाई को जिले के सभी संगठन प्रमुखों एवं समर्थित कर्मचारियों ने छिन्दडांड में एकत्र होकर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार रैली निकाली। भोजन अवकाश के समय यह रैली तख्ती-बैनरों एवं नारेबाजी के साथ कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ी, जहां कर्मचारियों ने अपनी जायज मांगों के समर्थन में कलेक्टर प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली की अगुवाई फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह एवं संरक्षक शंकर सुवन मिश्रा, ए. पन्ना, जिला संयोजक डॉ. आरएस चंदे, महासचिव विश्वास भगत, प्रवक्ता सुरेश एक्का, कोषाध्यक्ष शिवलाल राजवाड़े सहित अन्य पदाधिकारियों ने की। इनकी प्रमुख मांगों में 21 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) एवं लंबित एरियर्स का भुगतान, वेतन विसंगति दूर करना एवं विगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करना, चार स्तरीय पदोन्नति, समयमान वेतनमान, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति एवं 300 दिवस अर्जित अवकाश की पात्रता, पूर्ण पेंशन की पात्रता एवं सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करना, पंचायत सचिव, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगियों का नियमितिकरण, विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा द्वारा दी गई मोदी की गारंटी लागू करना। इस रैली में 25 से अधिक संगठनों के प्रमुख जैसे माधव प्रसाद राजवाड़े, मोतीलाल वर्मा, अजय पाण्डेय, शिव पटेल, जमुना प्रसाद राजवाड़े, अमृत टुण्डे, श्रेयांश जायसवाल, ब्रह्मानंद सिंह, भरत यादव, विजय पाल कंवर, प्रदीप साहू, उमेश कुमार पैकरा, रवि पाण्डेय, कमलेश नाविक, महेन्द्र राजवाड़े, प्रेमचंद गुप्ता सहित काफी संख्या में कर्मचारी व अधिकारी शामिल हुए।

■ कलेक्टोरेट तक नारेबाजी करते हुए किया प्रदर्शन




### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आशा राम आ. भउला राम उम्र 54 वर्ष, जाति उरांव पेशा कृषि निवासी ग्राम आरा थाना व तहसील सीतापुर जिला-सरगुजा छ.ग.। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अश्विन तिर्की (ASHWIN TIRKEY) है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अंकित है। मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड क्रमांक-9578 90397134 में अश्विन तिर्की (ASHWIN TIRKEY) के स्थान पर अस्वन (ASWAN) त्रुटि वश अंकित हो गया है जिसे सुधार कर वास्तविक नाम अपने पुत्र का अश्विन तिर्की (ASHWIN TIRKEY) आधार कार्ड में अंकित कराना चाहता हूं। जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
आशा राम
आ. भउला राम
निवासी-ग्राम आरा थाना व तहसील सीतापुर जिला-सरगुजा छ.ग.


### व्यापम परीक्षाओं के नियमों में सख्ती

**मनेन्द्रगढ़।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में अब नकल रोकने के लिए कड़े सुरक्षा प्रावधान लागू किए गए हैं। यह निर्णय हाल ही में बिलासपुर के एक परीक्षा केन्द्र में पीडब्ल्यूडी सब-इंजीनियर भर्ती परीक्षा के दौरान हाईटेक नकल का मामला सामने आने के पश्चात लिया गया है। व्यापम परीक्षाओं के जिला समन्वयक डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती प्राचार्य शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, जिला-एमसीबी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी व्यापम परीक्षाओं में नीट, जेईई एवं यूपीएससी परीक्षाओं की तर्ज पर कड़े दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं, जिससे परीक्षा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बन सके। उन्होंने बताया कि नई गाइडलाइन के तहत परीक्षार्थियों को अब केवल हल्के रंग के आधी बाँह के कपड़े पहनने की अनुमति होगी।































## खबर संक्षेप



### हाईस्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**सीतापुर।** शासकीय हाईस्कूल बेलजोरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराया इसके बाद कक्षा पहली छठवीं एवं कक्षा नवमी के बच्चों को निःशुल्क पुस्तक प्रदान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा हाईस्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम लगाया गया। इस अवसर पर सरपंच शैलेश तिग्गा, एबीईओ महेश सोनी, बीआरसी रमेश सिंह, एसएमडीसी अध्यक्ष फूलवती तिर्की, तेजप्रताप दास, संकुल प्राचार्य रंजन कुमार सोनी, समन्वयक शरद वर्मा, प्रधानपाठक मिडिल स्कूल बेलजोरा अशफाक अहमद, सुरेशपुर हनुमंत सिदार, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला बेलजोरा चंद्रावती देवी, छतरीकोना नीतू गुप्ता, आमापारा रामेश्वर राम, कांता सिंह, सुमन मिंज व अन्य मौजूद थे।

### अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**सीतापुर।** 11 सूत्रीय मांगों समेत मोदी की गारंटी लागू करने की मांग करते हुए प्रांतीय निकाय के आह्वान पर छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन के अध्यक्ष उमेश मिश्रा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी लागू करने का वादा पूरा करने की मांग की गई। इस दौरान फेडरेशन ने अपने 11 सूत्रीय मांगों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण कराते हुए इसे अधिकारी कर्मचारियों के हित में आवश्यक बताया है। जिसे पूरा करने से प्रदेश के लाखों अधिकारी कर्मचारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।ज्ञापन सौंपने के दौरान पशु चिकित्सक डॉ. रितेश जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष छग शिक्षक संघ पवन गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष पटवारी संघ विनोद यादव, दूधनाथ सिंह, देवीदयाल सिंह चौधरी, डॉ. मनीष बरवा, संतोष गोस्वामी, शरद वर्मा, राजेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, गणेश यादव, मनीष मिश्रा, मिथिलेश रत्नाकर, राजकुमार सिंह, पंकज गुप्ता, रामकुमार कंसारी, संजय गुप्ता, भोलेशंकर सिंह, सुरेश पैंकरा, किशोर टोप्पो, प्रमोद महंत, सिलवानुस लकड़ा, दर्शन सिंह समेत उपस्थित थे।

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस करेगी धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम

**सूरजपुर।** देश कांग्रेस महासचिव सैय्यद आमिल एवं कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने प्रभावित क्षेत्र वासियों के साथ एसडीएम को



पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 21 जुलाई को सूरजपुर के महगवां रिंग रोड में विशाल धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। सौंपे ज्ञापन में बताया कि वर्तमान परिदृश्य में शहर में भारी एवं मालवाहक वाहन हाईवा, ट्रक एवं प्रकाश इंडस्ट्रीज के वाहनों के महगंवा चौक वार्ड नंबर 2 से गुजरने एवं तेज वाहन चालक से निरंतर दुर्घटना कारित हो रही है, जिससे जनहानि के साथ-साथ शहर की सड़कों की स्थिति भी खराब हो रही है। इस संबंध में पूर्व में कई बार आवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है परंतु आज तक उचित कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा महगंवा रिंग रोड में 21 जुलाई को धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया जाएगा। कांग्रेस की मांग है कि भारी वाहनों का प्रवेश रात्रि 10 से प्रातः 06 बजे तक निर्धारित किया जाए, भारी वाहनों से हुई जर्जर सड़क का मरम्मत कराने, यातायात नियमों का पालन करते हुए गति निर्धारण हेतु उचित प्रबंध करने, चौक एवं स्कूलों के पास गति नियंत्रण हेतु स्पीड ब्रेकर का निर्माण करने सहित अन्य मांग शामिल है।

### ठाकुरपुर सड़क का डामरीकरण कराने सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** युकां अध्यक्ष विक्की समद्दार ने चठिरमा एफसीआई गोदाम प्रबंधक को ज्ञापन सौंप भारी वाहनों के आवागमन से जर्जर हो चुकी रेलवे साइडिंग से अजिरमा बैरियर तक सड़क का तत्काल डामरीकरण कराने की मांग की है। युकां अध्यक्ष ने बताया कि ग्राम चठिरमा स्थित एफसीआई गोदाम से रेलवे साइडिंग तक हर दिन बड़ी संख्या में ट्रकों द्वारा चावल का परिवहन किया जाता है। भारी वाहनों के आवागमन से अजिरमा बैरियर से ग्राम ठाकुरपुर का मार्ग जर्जर हो गया है। मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे बनने के कारण ट्रकों के फंसने से आए दिन जाम लग रहा है। इसी मार्ग से ग्राम ठाकुरपुर, आमगांव, विशुनपुर खुर्द एवं अजिरमा के ग्रामीण आवागमन करते हैं तथा जाम लगने के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। चावल परिवहन के कारण सड़क की ऐसी हालत हुई है इसलिए एफसीआई एवं रेलवे की जिम्मेदारी है कि वह जर्जर सड़क का तत्काल डामरीकरण कराए।

गौठान में कुटीर उद्योग के उपकरण फांक रहे धूल, ट्यूबेल सहित अन्य सामान हो गए चोरी

# देखरेख के अभाव में ग्राम पंचायत पुहपुटरा के आदर्श गौठान की हालत बदहाल



वीरान गोठान।



जर्जर कुकुट पालन का शेड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

कभी सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल नरवा, गरुवा, घुरुवा और बाड़ी के तहत चयनित आदर्श गौठान आज बदहाली और उपेक्षा का प्रतीक बन चुका है। जिले के सबसे बड़े ग्राम पंचायतों में एक पुहपुटरा पंचायत जहां लाखों रुपए खर्च कर आदर्श गौठान विकसित किया गया था। देखरेख के अभाव में आज गौठान की हालत दयनीय हो गई है और लोगों का गौठान से मोह भंग हो चुका है।

**खास बात**

- आदर्श गौठान के लिए ग्राम पुहपुटरा को किया गया था चयनित,लाखों की लागत से लगाए गए थे उपकरण

सरकार द्वारा आदर्श गौठान योजना के अंतर्गत पुहपुटरा का 2021 में चयनित किया गया था। यहां लगभग एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत से एक आदर्श मॉडल स्थापित किया गया, जिसमें दो कुटीर उद्योग, नरवा नाला विकास, गरुवा पशु शेड, तालाबों का निर्माण, महिला स्व-सहायता समूहों के लिए रोजगार योजनाएं, ब्रेड उत्पादन, बटर उद्योग, डेयरी फार्मिंग के उपकरण, सौर ऊर्जा संचालित ट्यूबवेल व सिंटेक्स टैंक की व्यवस्था की गई थी। इन योजनाओं के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य आरंभ हुए थे। ब्रेड और बटर उत्पादन, गाय-भैंस पालन, स्थानीय बाजार तक उत्पाद पहुंचाने की व्यवस्था, सब कुछ समय पर शुरू हुआ था। गांव को सजाया गया और सप्ताहिक हाट-बाजार में नई ऊर्जा दिखी। लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही योजनाओं की गति पर ब्रेक लग गया और न तो योजना की मॉनिटरिंग हुई और न ही रख रखाव। ऐसे में महिला समूहों ने काम बंद कर दिया, कुटीर उद्योगों के उपकरण धूल फांकने लगे, ट्यूबवेल व सिंटेक्स टैंक चोरी हो गए। गांव के लोगों का कहना है कि अब वहां न कोई समूह काम करता है, न कोई अधिकारी पूछने आता है। स्थानीय लोगों ने निर्माण स्थल पर अस्थाई झोपड़ियां बनाकर कब्जा करना शुरू कर दिया है। जहां कभी पशुओं के लिए हरा चारा उगाया जाता था, वहां अब सूखा और वीरानी पसरी है। स्थानीय महिला समूह की सदस्य सुमित्रा राजवाड़े कहती हैं कि पहले रोजी-रोटी चल रही थी, अब गौठान की चाभी भी किसी के पास नहीं है और अब कोई पूछने तक नहीं आता। पुहपुटरा में स्थापित आदर्श गौठान, जो एक समय महिला सशक्तिकरण, पशुपालन, कुटीर उद्योग और जल संरक्षण का मॉडल बना था, अब लावारिस हालत में है। न कोई अधिकारी निरीक्षण के लिए आता है, न कोई पंचायत प्रतिनिधि इसकी सुध लेने मुनासिब समझता है। ऐसे में देख रेख के अभाव में आदर्श गौठान अपनी बदहाली का आंसू बहा रहा है।

#### महिला स्व-सहायता समूहों ने संभाला था मोर्चा

यह योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए एक क्रांति बन गई। गांव की बड़ी संख्या में महिलाओं ने अलग-अलग समूहों में संगठित होकर ब्रेड बनाने, मसाले पीसने, बटर व घी तैयार करने जैसे कार्य शुरू किए। स्थानीय बाजारों में इन उत्पादों की बिक्री से उन्हें आय भी होने लगी। ऐसे में पहली बार महिलाओं को लगा कि वह भी परिवार चलाने में भागीदारी करने लगे हैं। बच्चों की पढ़ाई और घर खर्च में हाथ बंटाने लगीं। इसके अलावा गौठान में बन रही सुविधाओं के निर्माण से लेकर उनके संचालन तक स्थानीय मजदूरों और युवाओं को रोजगार मिला। युवाओं को प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे गौसेवा, पशु पालन, गोबर खाद निर्माण जैसे क्षेत्रों में निपुण हुए थे।

#### गौठान की भूमि पर अतिक्रमण

ग्रामीणों ने गौठान की खुली जमीन पर अस्थायी झोपड़ियाँ बना कर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। कई जगह बांस व लकड़ी से घेराबंदी कर भूमि का निजी उपयोग शुरू कर दिया गया है। नाला नरवा जो पानी संग्रह के लिए बनाया गया था, अब सूख चुके है। इसमें कचरा और प्लास्टिक भरे पड़े हैं। गाय-भैंस के लिए बनाए गए बाड़े अब खाली हैं, कुछ जगहों पर तो निर्माण सामग्री ही चोरी हो चुकी है।

#### बनाई जाएगी व्यवस्था

ग्राम पंचायत पुहपुटरा को आदर्श गौठान के लिए चयनित कर विभिन्न उपकरण लगाए गए थे। ग्राम पंचायत के सरपंच से चर्चा कर गौठान को फिर से व्यवस्थित एवं शुरू करने का प्रयास किया जाएगा जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को लाभ मिल सके।

-वेद प्रकाश पांडे
सीईओ लखनपुर



## श्रमिक यूनियन सदस्यता सत्यापन के प्रथम दिन बीएमएस संगठन चल रहा आगे, एटक दूसरे नंबर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर में गुरुवार 17 जुलाई से शुरू हुए दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन में पहले दिवस बीएमएस से संबद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ अन्य यूनियनों से आगे चल रही है। एसईसीएल प्रबंधन से प्राप्त आंकड़े के मुताबिक अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ 766 सदस्यों के साथ प्रथम नंबर पर चल रही है, वहीं संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) 687 सदस्यों के साथ दूसरे नंबर पर है। इसके अलावा कोयला मजदूर सभा (एचएमएस)191 सदस्यों के साथ तीसरे एवं 64 सदस्यों के साथ साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस(इंटक) चौथे नंबर पर बताई गई है,जबकि नोटा के पक्ष में 36 सदस्यों ने प्रबंधन के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

इस वर्ष विभिन्न यूनियनों ने सदस्यता की राशि भी पहले के अपेक्षा बढ़ाई है।एचएमएस की सदस्यता लेने इस वर्ष कामगारों को सबसे अधिक एक हजार रुपये देने होंगे, जबकि बीएमएस 780 रुपये,एटक 800 एवं इंटक 850 रुपये सदस्यता राशि ले रही है,जबकि चौथी यूनियन इस सदस्यता अभियान से शुरू से अपने आप को अलग रखी है।इस सम्बन्ध में सीटू नेता डीएस सोढ़ी ने बताया कि सीटू की सदस्यता श्रमिक 12 माह कभी भी ले सकता है और वह श्रमिकों को सदस्य बनाने सबसे कम महज 180 रुपये ही लेती है।

गौरतलब है कि बिश्रामपुर क्षेत्र में 2500 के करीब अधिकारी कर्मचारी कार्यरत हैं जिनकी सदस्यता का सत्यापन गुरुवार और शुक्रवार को होना है, इन दो दिनों में जो कामगार छूट जाएंगे उन्हें 25 जुलाई को आखिरी अवसर दिया जाना निर्धारित हुआ है।सदस्यता सत्यापन के पहले दिन बीएमएस और एटक के कार्यकर्ता पदाधिकारी केंद्रीय नेता अजय विश्वकर्मा और पंकज सिंह की अगुवाई में सक्रिय रहे।साथ ही बीएमएस से महामंत्री सुजीत सिंह,अमरपाल मिश्रा,सरोज सिन्हा और उनकी पूरी टीम सक्रिय रही, वहीं एचएमएस से परमजीत सिंह पम्मे,अरविंद सिंह,नरेंद्र सिंह, सूर्यबली यादव सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता सक्रिय हैं एवं इंटक से अजीत यादव सदस्यता सत्यापन में अपनी संख्या को बढ़ाने के लिए जोर आजमाइश लगाए हुए हैं।

## मध्य रात्रि 36 अज्ञात हथियार बंद बदमाश बलरामपुर खदान में घुसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- मौजूद कर्मियों को धमकाकर करीब डेढ़ सौ मीटर बेशकीमती ट्रेलिंग केबल काट ले गये चोर
- चुराई गई केबल करीब साढ़े तीन से चार लाख रुपये की बताई गई है

एसईसीएल बिश्रामपुर में चोरों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है,मुख्यमंत्री के निज सहायक के घर हुई चोरी के तीन दिन बाद अब बलरामपुर खदान में चोरों ने बड़ी घटना को अंजाम दे दिया।बुधवार की रात तीस से पैंतीस की संख्या में खदान में घुसे हथियार बंद नकाबपोश चोरों ने खदान के कर्मियों को हथियार का भय दिखाकर धमका कर खदान में मशीन को पॉवर सप्लाई देने बिछाई गई लाखों की ट्रेलिंग केबल काट ले गए हैं।घटना के बाद आज गुरूवार को खदान के सबएरिया मैनेजर,सुरक्षा अधिकारी,मैनेजर थाने पहुंच पुलिस को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है,साथ ही खदान में लगी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है।बिश्रामपुर पुलिस ने कम्पनी सुरक्षाकर्मी उजीत राम की रिपोर्ट पर अज्ञात केबल चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।बताया गया कि कुमदा सहक्षेत्र के बलरामपुर भूमिगत खदान जहां सीटीओ के अभाव में गत एक जुलाई से कोयला उत्पादन बंद पड़ा हूआ है।रात्रि पाली में खदान में पंप सहित अन्य कार्य करने वाले मजदूर खदान के भीतर उपस्थित थे।मध्य रात्रि में दो दर्जन से अधिक की संख्या में नकाबपोश केबल चोर खदान के मुहाड़े से खदान के भीतर प्रवेश कर गए एवं यहां काम पर उपस्थित पंप ऑपरेटर घूरन राम का बदमाशों ने घड़ी व मोबाइल लुट लिया, फिर ड्यूटी में उपस्थित अन्य कर्मियों को कट्टा गड़ासा,तलवार व सब्बल से डरा धमकाकर एक साथ बैठा दिया गया, तत्पश्चात खदान के तीन डीप 74 लेबल में एलएचडी मशीन को पॉवर सप्लाई के लिए लगाए गए ट्रेलिंग केबल को काट लिया और खदान से केबल को टांग कर बाहर निकालते हुए भाग निकले।अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने करीब डेढ़ सौ मीटर केबल काटा है जिसकी कीमत साढ़े तीन से चार लाख करीब बताई गई है।

#### गार्डों पर सालाना खर्च कर रही करीब डेढ़ करोड़

बता दें कि बिश्रामपुर क्षेत्र में बारूद घर मेन मैगजीन के सुरक्षा में सीआईएसफ के जवानों की ड्यूटी लगी हुई है।इसके अतिरिक्त खदानों में चोरी की घटना को रोकने त्रिपुरा के हथियार बंद जवानों की तैनाती की गई है।इसके अतिरिक्त कंपनी के सौ से अधिक खुद के सुरक्षा गार्ड हैं।खदानों में अलग से कर्मियों को बतौर सुरक्षा गार्ड तैनात कर रखा जाता है जिनके रहने ,खाने,वेतन सहित अन्य सुविधा के नाम पर बिश्रामपुर कम्पनी प्रबंधन प्रति माह डेढ़ करोड़ रुपये खर्च करता है, इन सबके बावजूद खदान क्षेत्रों में कोयला,कबाड़,केबल सहित मशीनी उपकरणों की बड़े पैमाने पर चोरी की खबरें रोज सामने आती है ऐसे में सुरक्षा अमले की उपयोगिता को लेकर सवाल उठने लगे है।बुधवार की मध्य रात्रि को हुए केबल चोरी घटना के समय त्रिपुरा के हथियार बंद जवान मात्र दो किलोमीटर की दुरी पर कुम्दा 7-8 खदान में ड्यूटी पर तैनात थे लेकिन समय रहते रिपोर्टिंग ना मिलने के कारण जवान मौके पर तुरंत पहुँच नहीं सके।

## तेंदूपत्ता तोड़ने वाली महिलाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- सांसद चिंतामणि महाराज ने पहनाई चरण पादुका

तेंदूपत्ता संग्राहक महिलाओं के मेहनत भरे जीवन में सहारा बनी चरण पादुका योजना का शुभारंभ प्रेमनगर वन परिक्षेत्र के ग्राम तारा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज रहे। उन्होंने अपने हाथों से वनवासिनी महिलाओं को पादुका पहनाकर उन्हें सम्मानित किया।

कार्यक्रम वन विभाग द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें तारा, प्रेमनगर, चंदननगर, कनकपुर, उमेश्वरपुर और रामानुजनगर की लगभग 100 महिलाओं को चरण पादुका प्रदान



की गई। इस मौके पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि योजना पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की पहल थी, जो वन क्षेत्रों में काम करने वालों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई थी। दुर्भाग्य से पिछली सरकार ने इसे बंद कर दिया था, लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनकल्याणकारी सोच से यह योजना पूरे प्रदेश में पुनः शुरू की गई है। हमारी सरकार गांव, गरीब और वनवासी के हित के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, जिला पंचायत सदस्य विजय नयन सरदार, जनपद अध्यक्ष फुलेश सिरदार और मंडल अध्यक्ष मिथिला बंजारा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान शशिकांत गर्ग, अजय श्याम, जगमोहन सिंह, चंद्रभान सिंह, राजेश्वर तिवारी, दीपक गुप्ता, परमानंद जायसवाल, संजय गुप्ता, सुभाष साहू, दिलोचन सिंह, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत सांसद चिंतामणि महाराज ने मौके पर मौजूद बुजुर्गों और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और तहसीलदार को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

### वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

अम्बिकापुर। बकना खुर्द निवासी सुनील दास आ. कलेश्वर दास (24 वर्ष) मंगलवार को ग्राम बरियों में सेंट्रिंग लगाने के पश्चात बाइक से घर जा रहा था। जैसे की बाइक सवार ग्राम ककना के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक को बरियों अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कार्यालय के बाहर खड़ी बाइक चोरी, अपराध दर्ज

**सीतापुर।** शासकीय कार्यालय के बाहर खड़ी कर्मचारी की बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। चोर बाइक का लॉक तोड़कर हेलमेट समेत खड़ी बाइक ले उड़े। कर्मचारी ने बाइक चोरी की शिकायत पुलिस से की है। बतया जा रहा है कि सेल्बेस्टर मिंज जनपद पंचायत में करारोपण अधिकारी के पद पर कार्यरत है। सेलबेस्टर मिंज हमेशा की तरह अपनी स्प्लेंडर बाइक क्रमांक सीजी 14 एमएन 0967 को कार्यालय के बाहर खड़ी कर ड्यूटी कर रहे थे। ड्यूटी पूरी करने के बाद जब बाहर आए तो उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने कार्यालय के चारो तरफ अपनी बाइक तलाशी पर नही मिला। चोर ने लॉक तोड़कर परिसर से उनकी बाइक पार कर दिया था। बाइक के साथ रखा हुआ हेलमेट भी चोर अपने साथ ले गए। इस मामले की शिकायत थाने में की गई है जिसपर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किया गया है। बड़ी बात यह है कि चोर अब सुनियोजित तरीके से भीड़भाड़ वाले इलाके को अपना निशाना बनाते है। खासकर तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, हॉस्पिटल बैंक समेत अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चोरियां हो रही है।

## बिजली बिल बढ़ोत्तरी और लचर व्यवस्था को लेकर उप कनिष्ठ अभियंता कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सलका के तत्वाधान में आज बढ़ती बिजली की कीमतों के खिलाफ एवं ग्राम सलका अधिना क्षेत्र के बिजली आपूर्ति संचालन में लापरवाही को लेकर उप कनिष्ठ अभियंता कार्यालय सलका अधिना का घेराव किया गया।

पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने बताया कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार ने बिजली बढ़ोतरी की है तब से प्रदेश की जनता काफी परेशानी है। हाल ही में बिजली दर में 10 से 20 पैसा प्रति यूनिट गैर बढ़ोतरी बिजली दर पर 25 पैसा प्रति यूनिट साथ ही कृषक की खेती किसानी में खपत होने वाली बिजली दर में 50 पैसा प्रति यूनिट के दर से बिजली दर में की गई बढ़ोतरी को लेकर आज धरना प्रदर्शन किया। बढ़ोतरी को तत्काल वापस लेना चाहिए यह जनहित के लिए जरूरी है। इस दौरान एसडीएम भैयाथान के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान तहसीलदार भटगांव, भैयाथान शिवनारायण राठिया और कनिष्ठ अभियंता भटगांव संजय पटेल मौजूद थे। विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए सलका सब स्टेशन में लाइनमैन की नियुक्ति जल्द करने की मांग की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सलका अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रदीप राजवाड़े, जनपद भैयाथान अध्यक्ष सुलोचनी पैकरा, सूरज गुप्ता, राजेंद्र प्रताप सिंह, गोविंदा



राजवाड़े, लालजी राजवाड़े, सोनू पाण्डेय, संतोष गुप्ता, विवेक दुबे, रंगीला देवांगन, सरफ़राज़ खान, अमित गुप्ता, नितेश सिंह, यूधीष्ठर राजवाड़े, गोरख गुप्ता, सुख सागगर गुप्त, प्रवेश विश्वकर्मा, आयुष गुप्ता, अख्तर खान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कुदरगढ़ में खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- नवप्रवेशी बच्चों को कापी पुस्तक व बैग प्रदान कर कराया गया शाला प्रवेश



विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव सिंह के नेतृत्व में कुदरगढ़ में खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना व अतिथि स्वागत के साथ किया गया,कार्यक्रम में कक्षा पहली , 6 वीं व 9 वीं के नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाने एवं मीठा खिला कर स्वागत किया। साथ ही कापी पुस्तक व बैग प्रदान कर प्रतीकात्मक प्रवेश दिलाया गया। नेत्र से दिव्यांग छात्र बलजीत देवांगन ने मधुर स्वर में भजन गाकर अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया तथा अन्य बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि तथा बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की बात कही। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करने की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य बाबूलाल मरापो ने वनांचल क्षेत्र के बच्चों के प्रतिभाओं की पहचान व उन्हें आगे लेकर जाने की बात कही तथा प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को इलेक्ट्रिक स्कूटी का पुरस्कार की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य कुसुम सिंह ने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की व्यवस्था के साथ बच्चों में संस्कार व सह संज्ञानात्मक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रयास करने पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि सुधा देवी तिवारी,लवकेश पैकरा, गौरी सिंह, सत्यनारायण सिंह, सत्यनारायण पैकरा, भुवन भास्कर प्रताप सिंह, राजेश तिवारी,जग प्रसाद मण्डल, आशीष प्रताप सिंह, रघुवंश सोनी, कोदम सिंह, ग़ौरी सिंह, विनीता यादव, अवध पाठक, प्रदीप द्विवेदी, अशोक गुप्ता, शिवप्रसाद सिंह, संतोष सिंह, नरेश जायसवाल, दुर्गा गुप्ता, शंकर दुबे, राजेश सिंह, रामसुभग कुर्रे, शिवकुमार राजवाड़े, नेहा तिवारी, जगदेव यादव, पुनित पाठक, बीपी जायसवाल, लालमन, सोहन कुर्रे, प्रियांशु यादव, बृजेश काशी, उमाशंकर, विनोद सहित अन्य उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### टेढ़े मेढ़े पैर के बच्चों के लिए निःशुल्क शिविर आज

**अम्बिकापुर**। राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) अंतर्गत संचालित डीईआईसी (जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र) के द्वारा क्लब फूट पाव फिरा टेढ़े-मेढ़े पैर के बच्चों हेतु निःशुल्क जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन 18 जुलाई को किया जा रहा है। शिविर मातृत्व शिशु अस्पताल अंबिकापुर में आयोजित होगा। शिविर में बच्चों को निःशुल्क जूता वितरण एवं उपचार किया जाएगा। शिविर में सरगुजा संभाग के समस्त जिलों से आरबीएसके चिरायु दल द्वारा क्लब फूट पाव फिरा के चिन्हांकित बच्चों को उपचार हेतु लाया जाएगा। बच्चों के सफल उपचार के लिये विशेष सहयोग क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट स्वयं सेवी संस्था द्वारा निःशुल्क जूता वितरण भी किया जाएगा। नोडल अधिकारी डीईआईसी ने बताया कि जिन बच्चों को इस प्रकार की समस्या है उन्हें शिविर में लाकर जांच एवं उपचार करा सकते हैं।

### मगरीहा नाला में तेज बहाव में बही बच्ची का दूसरे दिन भी नहीं लगा पता

**बिश्रामपुर**। मगरीहा नाला पार करने के दौरान मां के हाथों से तेज बहाव पानी में बही तीन महीने की मासूम का आज गुरूवार को दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। डीडीआरएफ टीम का रेस्क्यू ऑपरेशन आज दूसरे दिन भी जारी रहा।गौरतलब है कि ग्राम गेतरा निवासी सरिता अपने तीन माह की नन्हीं बच्ची को गोद में लिए मगरीहा नाला बुधवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पार कर रही थी, तभी मगरीहा नाला की उफनती लहरों में महिला के हाथ से तीन महीने की मासूम बच्ची अचानक छिटककर गिर गई, और तेज बहाव में बह गई। सूचना मिलते ही डीडीआरएफ सुरजपुर की टीम मौके पर पहुंच रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।इसके बाद आज दूसरे दिन गुरुवार को पुनः डीडीआरएफ सुरजपुर की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिल सकी है।मासूम बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल पाने से गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 23 को

अम्बिकापुर। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 23 जुलाई को दोपहर 4 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अधिकतम तीन समस्याएं, एजेंडा बिंदु, जिनका निराकरण समिति स्तर पर किया जाना है 22 जुलाई को अपरान्ह 2 बजे तक अनिवार्य रूप से इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 31 तक

अम्बिकापुर। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि भारतीय वायु सेना अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर वायु भर्ती वर्ष 2026 हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। अग्निवीर वायु भर्ती हेतु अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला जिनका जन्म 2 जुलाई 2005 से 2 जनवरी 2009 के बीच (दोनों तिथियां सम्मिलित) आवेदन कर सकते हैं। आवेदक ऑनलाईन पोर्टल साइट पर 31 जुलाई को रात 11 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

## पेज 1 के शेष...

### निगम को राष्ट्रपति ने दिया...

अंबिकापुर ने वर्ष 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में हुए नुकसान की भरपाई और अपनी खोई हुई पहचान को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की और बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई। स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान केन्द्रीय टीम निरीक्षण पर आई और एसएलआरएम सेंटरों, सामुदायिक शौचालयों, सड़क के प्रमुख चौक चौराहों, तालाबों का निरीक्षण किया। डोर टू डोर कचरा प्रबंधन की जानकारी ली, नागरिकों के फीडबैक लिए, दस्तावेजों का अवलोकन किया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अतिरिक्त मानदंडों के आधार पर निकाय का मूल्यांकन किया था। प्रतियोगिता में नगर निगम ने पुनः अपने श्रेणी 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वाले शहरों में 85 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया और नगर निगम को सुपर स्वच्छता लीग में शामिल किया गया।

### साढ़े तीन साल से फरार...

कमलेश गुप्ता आ. रविन्द्र गुप्ता के घर 12 जनवरी की रात 9-10 बजे नकाबपोश व वर्दी धारी हाथियारबंद लोग घुस आए थे। नकाबपोश आरोपियों ने खुद को नक्सली बताकर हथियार के बल पर परिवार को जान से मारने की धमकी देकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी कमलेश गुप्ता के घर से 2 लाख 20 हजार रूपए लूटकर फरार हो गए थे। चूंकि कमलेश गुप्ता का घर पहाड़ से लगा हुआ था इस लिए डकैत वारदात को अंजाम देने के बाद फारार हो गए थे। इस मामले की शिकायत 13 जनवरी को कमलेश गुप्ता ने पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने मामले में भादवि की धारा 395,120बी एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज करते हुए पूर्व में लखनपुर ढोढा केसरा निवासी 36 वर्षीय प्रवीण खेस्स उर्फ नेपाली आ. आनंद, सीतापुर खालपारा निवासी 29 वर्षीय संजय चक्रधारी आ. बसंतलाल चक्रधारी, कोरिया चर्चा के जमीनपारा खरखत निवासी 23 वर्षीय लालबाबू उर्फ सोनू उर्फ उमाशंकर चक्रधारी आ. बाबुलाल चक्रधारी, त्रिकुंड़ा गोवर्धनपुर निवासी 28 वर्षीय रामबरत अगरिया आ. शिव प्रसाद अगरिया, चांदनी बिहारपुर निवासी 32 वर्षीय सुन्दर लाल साहू आ. राम गोपाल साहू, गढवा बिलयतीखैर निवासी 34 वर्षीय मुखलाल यादव आ. रामअवतार, व विजयनगर के बानापति निवासी विष्णु गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था जबकि इस प्रकरण का मास्टर माइंड आगर साय उर्फ सुनील घटना के बाद से फरार चल रहा था।

## निधन

### गनपत राय मित्तल

**बिश्रामपुर**। नगर के मुख्य मार्केट निवासी विकास मेंस कलेक्शन एवं विकास इलेक्ट्रॉनिक्स बिश्रामपुर के संचालक गनपत राय मित्तल का गुरुवार को निधन हो गया, वे 82 वर्ष के थे जो कि लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे,इनका ईलाज रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा था।अंतिम संस्कार आज 18 जुलाई दिन शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।वे अपने पीछे पांच पुत्र मदनलाल, बाबुलाल, सज्जन, विनोद व पवन मित्तल समेत भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।



---

### बुधवार की शाम जंगल से बरामद हुआ शव

# जंगल में रह रहे ग्रामीण को हाथियों ने कुचलकर मार डाला



घटना स्थल पर ग्रामीण का शव।



मृतक के परिजन को साहायता राशि देते विभाग के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत जजावल जंगल में हाथियों ने ग्रामीण की कुचल कर जान ले ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन अमले ने बुधवार की रात जंगल से मृतक का शव बरामद किया। शव में सड़न होने के कारण दुर्गंध आ रही थी। वन अधिकारी ग्रामीण की मौत दो-तीन दिन पूर्व होने का अनुमान लगा रहे हैं।

**खास बातें**
- वन अधिकारी बता रहे 2-3 दिन पूर्व की घटना
- 10 वर्षों से ग्रामीण रह रहा जंगल के बीच

क्षेत्र में हाथियों की तबाही थमने का नाम नहीं ले रही है। बरसात शुरू होने के बाद हाथियों का उत्पात बढ़ गया है। हाथी कभी आबादी क्षेत्र में पहुंचकर भूख मिटाने के लिए घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं तो कभी फसलों को रौंद रहे हैं। वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत जजावल बीट के जंगल में ग्राम परमेश्वरपुर घूमडांडपारा निवासी रामदेव आ.भगना कोड़ाकू एक दशक पूर्व से झोपड़ी बनाकर अकेले रह रहा था। वह बीच-बीच में राशन लेने के लिए अपने घर आता था तथा राशन लेकर वापस जंगल अपनी झोपड़ी में चला जाता था। राशन के लिए कभी एक सप्ताह बाद तो कभी एक महीने बाद घर पहुंचता था। झोपड़ी में रहकर पूजा-पाठ करने के कारण वनकर्मियों ने भी कभी उसे परेशान नहीं किया। रामदेव द्वारा जंगल में कोई अवैध गतिविधि संचालित करने की भी शिकायत अब तक विभाग को नहीं मिली थी। रामदेव वनकर्मियों को अवैध कटाई सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी देता था जिसके कारण वनकर्मी उसे अपना सहयोगी मानते थे। बताया जा रहा है शनिवार को ही रामदेव अपने घर से राशन लेकर जंगल गया था। बुधवार को कुछ ग्रामीण जजावल जंगल में पुटू, खुखड़ी बीनने गए थे। दुर्गंध आने पर ग्रामीण पास पहुंचे तो रामदेव का शव पड़ा था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन कर्मियों को दी तो वनकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे तथा गादी पहाड़ी के निकट से मृतक का शव बरामद किया। देर शाम शव बरामद होने के कारण बुधवार को मृतक का पीएम नहीं हो सका। गुरूवार को पीएम उपरांत वन अधिकारियों ने परिजन को मृतक का शव सौंपा साथ ही 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान किया।

**तीन दिन पूर्व की घटना**

हाथियों के हमले में रामदेव की मौत कब हुई इस संबंध में वन अधिकारियों को कोई साक्ष्य नहीं मिला है। शव में हो रही सड़क एवं दुर्गंध को देखते हुए वन अधिकारी दो-तीन दिन पूर्व हाथियों से रामदेव का सामना होने एवं हमले में उसकी मौत होने का अनुमान लगा रहे हैं। वन अधिकारी पीएम रिपोर्ट से इसका खुलासा होने की बात कह रहे हैं। घटना से यह भी स्पष्ट है कि दुर्घटना होने के बाद वनकर्मियों ने जजावल जंगल का भ्रमण नहीं किया है। वनकर्मी जंगल जाते तो घटना की जानकारी समय पर मिल जाती। इधर वनकर्मी पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश होने के कारण जंगल नहीं जाने की बात कह रहे हैं। क्षेत्रवासी परिक्षेत्राधिकारी के मुख्यालय में नहीं रहने को भी इसकी वजह बता रहे हैं।

**क्षेत्र में 10 हाथी**

वन अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में पिछले 9 दिनों से 10 हाथियों का दल अलग-अलग क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। पांच हाथी तमोर पिंगला अभ्यारण्य से पहुंचे हैं जबकि 5 हाथी बलरामपुर जंगल से। हालांकि हाथियों का दल अभी तक जंगल से बाहर नहीं निकला है न ही किसी आबादी क्षेत्र में पहुंचा है। वन अधिकारी हाथी प्रभावित गांवों में लगातार मुनादी कराने का दावा कर रहे हैं। अनुमान लगाया जा रहा है रामदेव अकेले पहाड़ी के आसपास घूम रहा होगा तथा हाथियों से सामना हुआ होगा।

**गणेशपुर में चार हाथी**

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत गणेशपुर जंगल में पिछले एक सप्ताह से चार हाथियों का दल भ्रमण कर रहा है। हाथी पूरे दिन जंगल में आराम कर रहे हैं तथा शाम ढलते ही आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जा रहे हैं। वर्षा होने के कारण घटना की जानकारी विलम्ब से मिली। मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।
आशुतोष भगत
उप वनमंडलाधिकारी, प्रतापपुर

### सड़क किनारे गिरे डंगाल से टकराया ट्रैक्टर, युवक की मौके पर मौत

**रामानुजगंज**। देवगई मोड़ के समीप राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर सड़क किनारे पेड़ काटकर रखे गए डंगाल से ट्रैक्टर टकराकर सड़क के किनारे खेत में पलट गई। ट्रैक्टर के नीचे दबने से गंभीर हुए एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरे युवक का उपचार जारी है।



जानकारी के अनुसार तामेश्वरनगर हवाई पट्टी समीप निवासी तिरु माझी आ. दशरथ (19 वर्ष) आज सुबह दोस्त पिंटू (20 वर्ष) के साथ बलरामपुर अपने ट्रैक्टर में केजबिल पुराना लगवा कर वापस गांव लौट रहे थे। सुबह 9 बजे के करीब राष्ट्रीय राज्य मार्ग के किनारे पेड़ों को काटकर रखे डंगाल से ट्रैक्टर टकरा गई जिससे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सड़क किनारे खेत में पलट गया जिससे दोनो ट्रैक्टर के नीच दब गए। घटना को देख स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल बाहर निकाल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल तिरु की स्थिति काफी गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर दूसरे अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई वहीं दूसरे की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

### युवक ने अज्ञात कारण से लगाई फांसी, मौत

पिता के घर बाहर जाने के बाद युवक ने अज्ञात कारण से फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नवाडीह निवासी अंकेश गुप्ता आ. मुरली गुप्ता (19 वर्ष) जो रामानुजगंज कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। अंकेश की मां अपना इलाज कराने डाल्टनगंज गई थी। पिता के साथ वह घर में था। सुबह पिता भोजन बनाने की बात कहकर खेत की ओर चला गया। कुछ समय बाद घर लौटा तो पुत्र को घर में न देख खोजबीन करने लगा। पिता ने जब उसके मोबाइल पर फोन लगाया तो पता चला कि मोबाइल पास में ही था। पिता पुत्र को खोजते हुए छत गया गया तो उसके होश उड़ गए। पुत्र फांसी में मृत हालत में लटका था। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## मृत या अस्तित्वहीन व्यक्ति के नाम पर निकाल रहे मजदूरी की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़वार में मनरेगा योजना अंतर्गत भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां जॉब कार्ड क्रमांक 166 में ऐसे व्यक्ति का नाम जोड़कर मजदूरी की राशि आहरित की जाती रही थी, जिसका ग्राम में कोई अस्तित्व ही नहीं है। ग्राम बड़वार निवासी फजील मोहम्मद ने कलेक्टर एवं एसडीएम से शिकायत कर मामले में जांच करने तथा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

फजील मोहम्मद ने शिकायत में बताया है कि राम सुदन नाम से हाजिरी भरकर, खाता नंबर जोड़कर और हस्ताक्षर दर्शाकर वर्षों तक फर्जी भुगतान लिया जाता रहा। इस संबंध में कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मामले की पांच प्रमाणित प्रतियां संलग्न करते हुए कलेक्टर और एसडीएम प्रतापपुर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। खेत में काम करने तथा सोते समय सांप के काटने से गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। एक की निजी तो दूसरे की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम बांसाझाल निवासी प्रदीप कुजूर आ. विजय कुजूर (28 वर्ष) 15 जुलाई की दोपहर अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी तरह दूसरी घटना में सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सोनपुर निवासी आत्माराम सोनवानी आ. छोटेलाल सोनवानी (32 वर्ष) बीती रात अपने तीन बच्चों के साथ खाट पर सो रहा था। इसी दौरान आज तड़के सांप ने उसे काट लिया। परिजन युवक को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## हाईवा- ट्रेलर की भिड़ंत में मवेशी की मौत, वाहन में फंसा चालक

**अम्बिकापुर**। बीती रात एनएच 130 पर ग्राम सोनतरई के पास हाइवा एवं टैंकर के बीच हुई भिड़ंत में एक गाय की मौत हो गई। भीषण दुर्घटना में हाइवा चालक वाहन में फंस गया था। काफी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला गया तथा गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। टैंकर चालक व दोनों वाहन के क्लीनर सुरक्षित है।

बताया जा रहा है कि बीती रात टैंकर क्रमांक सीजी 15 डीबी 1187 कोरबा की ओर से अम्बिकापुर की ओर जा रहा था वहीं हाइवा क्रमांक सीजी 15 एक्स 3677 का चालक कोयला अनलोड कर अदानी खदान जा रहा था। दोनो वाहन तेज रफ्तार से गुजर रहे थे। इस दौरान रात्रि 9 बजे एक गाय सामने आ गई तथा दोनों वाहनों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर में गाय पूरी तरह से दब गई तथा घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी हाईवा का इंजन दूसरी ओर मुड़ गया था। मुख्य मार्गों पर वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार एवं आवारा मवेशियों का जमावड़ा दुर्घटनाओं का कारण बताया जा रहा है।

## टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नवपदस्थ संयुक्त संचालक डीईओ से की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



प्रांतीय उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह की अगुवाई में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नवपदस्थ सहायक संचालक शिक्षा संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश झा से सौजन्य मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। संजय गुप्ता ने संघ के पदाधिकारियों से परिचय कर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। तथा कहा कि हम सभी एक परिवार की तरह है और किसी भी समस्या का समाधान आपस में मिलजुलकर करेंगे। शासन के निर्देशों का पालन करना हम सबकी जिम्मेदारी है। डीईओ श्री झा ने संघ को आश्वस्त किया कि कोई भी कार्य लंबित नहीं रहेगा। शिक्षकों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निराकरण किया जाएगा। जिले में बेहतर शैक्षिक वातावरण हेतु टीम भावना से मिलकर कार्य करेंगे। प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी हरेंद्र सिंह, प्रांतीय पदाधिकारी भरत सिंह, जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह, अजय श्रीवास्तव, अरविंद सिंह, काजेश घोष, रामबिहारी गुप्ता, नाजिम खान, प्रशांत चतुर्वेदी, रणबीर सिंह चौहान, जवाहर खलखो, लखन राजवाड़े सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## पीएम आवास में दर्जनों हितग्राहियों के राशि का गबन का आरोप, जनपद सदस्य से सौंपा ज्ञापन

**रामानुजगंज**। विकासखंड रामचंद्रपुर के दूरस्थ ग्राम डूमरपान में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण में दर्जनों हितग्राहियों के राशि के गबन का गंभीर आरोप क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं खाद विभाग के सभापति रामेश्वर यादव ने लगाते हुए मुख्य कार्यपाल अधिकारी को ज्ञापन सौपा। साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। श्री यादव ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत हितग्राही रामाधार आ. धनुकी, सत्यदेव आ. जीत सिंह, सोनेलाल आ. रूपसाय, मानिकचंद आ.नारायण, मणिलाल आ. नारायण, अवध बिहारी यादव आ. सोमारू, शिव भजन आ. रामदास, जमुना आ. विश्वनाथ का आवास स्वीकृत हुआ था। जिसके बाद सभी ने प्रधानमंत्री आवास बनाए परंतु आवास के लिए मनरेगा के तहत 90 दिन की मिलने वाली मजदूरी की राशि अन्य खाते में डाल दिया गया। जिससे हितग्राहियों को 90 दिन की राशि का भुगतान नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि सभी हितग्राही इसके लिए कई बार पंचायत प्रतिनिधियों को शिकायत भी की परंतु कार्रवाई नहीं हुई न ही उनका राशि वापस दिलाने के लिए कोई पहल हो सकी। हितग्राहियों ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव एवं रोजगार सचिव द्वारा राशि निकाल ली गई है एवं मांगने पर सिर्फ घुमाया जा रहा है।



इस संबंध में मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक द्विवेदी ने बताया कि शिकायत मिली है जांच की जाएगी।

---



## स्वच्छता में मिला बिश्रामपुर को अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर ने देशभर में अपनी अलग पहचान बनाते हुए स्वच्छता लीग प्रेसीडेंट्स अवॉर्ड हासिल किया है।यह सम्मान स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत भारत सरकार द्वारा आयोजित सुपर स्वच्छता लीग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया,जो 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में आता है, गौरतलब है कि दिल्ली में 17 जुलाई को आयोजित समारोह में जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं केंद्रीय आवास शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर,केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के हाथों बिश्रामपुर के नाम की घोषणा कर सम्मान प्रदान किया, तो वहां उपस्थित प्रतिनिधियों के चेहरे गर्व से खिल उठे।यह पल न केवल बिश्रामपुर के लिए, बल्कि पूरे सूरजपुर जिले के लिए गौरव का क्षण रहा। ज्ञात हो कि नगर पंचायत बिश्रामपुर ने इस मंच पर छोटे नगरों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।इसकी पृष्ठभूमि में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त अभियान, डिजिटल निगरानी प्रणाली, और सबसे अहम नागरिक सहभागिता जैसे प्रयासों की बड़ी भूमिका रही है।मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि हमारी टीम ने हर स्तर पर तकनीकी,जनसहभागिता और सफाई के मानकों को लागू किया, हम बायो-वेस्ट को भी रिसाईकल कर रहे हैं, जिससे पर्यावरणीय असर भी घटा है।सम्मान कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव,नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव,सीएमओ सुशील कुमार तिवारी,नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान,उपयंत्री गौरव कुमार अग्रवाल,पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव,पार्षद रविशंकर बउवा, रामजीत यादव उपस्थित थे।छत्तीसगढ़ से बिश्रामपुर समेत 7 नगरीय निकायों को इस साल स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान मिली है।




## प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाई साइलेंसर की बिक्री पर रोक लगाने पहल

**अंबिकापुर**। अमानक साइलेंसर और प्रेशर हार्न सहित अन्य सामग्री लगातार शहर में उत्पात मचाने वाले बाइकर्स और कार चालकों पर कार्रवाई के बाद अब पुलिस ने ऑटो पार्ट्स संचालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर गुरुवार को यातायात प्रभारी विजय केवर्त ने ऑटो पार्ट्स दुकान संचालकों की बैठक ली।

- ऑटो पार्ट्स दुकान संचालकों की ली गई बैठक

इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि बाइक में हेडलाईट के अलावा साईड साईड में रंग बिरंगे फैंसी लाइट, फौग लाइट लगाया जा रहा है जिससे सामने से आने वाले वाहन चालक को वाहन चलाने के दौरान ध्यान भटकता है और सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। मॉडिफाई साइलेंसर एवं प्रेशर हार्न के उपयोग से तेज आवाज के कारण बगल से चलने वाला वाहन चालक अचानक तेज आवाज से हडबडा जाता है जिससे उस वाहन चालक के अनियंत्रित होकर गिरने की संभावना बनी रहती है और सड़क दुर्घटना घटित होती है ऐसी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ऐसी सामग्रियों का विक्रय नहीं किया जाए। वहीं चार पहिया वाहनों में काली फिल्म का उपयोग, पुलिस सायरन, मोनो लाइट की बिक्री नहीं की जाए। व्यापारियों ने अमानक सामग्री विक्रय नहीं करने अपनी सहमति जताई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411